आईटीआई लिमिटेड ने भारत का 72 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया

आईटीआई लिमिटेड ने 26 जनवरी, 2021 को निगमित कार्यालय परिसर, बेंगलूरु में राष्ट्र का 72वाँ गणतंत्र दिवस बहुत ही जोश और उत्साह के साथ मनाया।

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राकेश मोहन अग्रवाल ने श्री शशि प्रकाश गुप्ता, निदेशक (मा.सं.), श्री डी. वेंकटेश्वरुलु, निदेशक (उत्पादन), श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त), श्री राकेश चन्द्र तीवारी, निदेशक (विपणन), श्री बी. काशीविश्वनाथन, मुख्य सतर्कता अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिवार के सदस्यों, अधिकारी संघ और कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर श्री आर. एम. अग्रवाल ने सभा में उपस्थित सभी को अपनी शुभकामनाएँ दी। उन्होंने उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने हमारे देश को स्वतंत्र करने हेतु अपने प्राणों की आहुति दी और भारतीय संविधान सभा के सभी सदस्यों को भारतीय संविधान का प्रारुप तैयार करने और स्वीकृति देने हेतु भारत को एक प्रभुत्व-संपन्न गणराज्य बनाया।

श्री अग्रवाल ने कंपनी के कार्य-निष्पादन और चालू परियोजनाओं की स्थिति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सभी कर्मचारियों से दूरसंचार के क्षेत्र में इतिहास बनाने और वर्ष 2020-21 हेतु चुनौतियों को पूरा करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आदेशों को निष्पादित करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर आईटीआई प्रबंधन ने कंपनी के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए कार्मिकों को निगमित निष्पादन पुरस्कार भी वितरित किए।